मॉडल पेपर—2024—25

संगीत गायन

कक्षा—12

समय—03 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक:50

निर्देश सभी प्रश्नों अनिवार्य है।

बहुविकल्पीय प्रश्न के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है— 10×1=10

1— एक सप्तक में कुल कितनी श्रुतियां होती है?

| | |
|---|---|
| क) 24 | ख) 22 |
| ग) 12 | घ) 26 |

2—इनमें से ध्रुपद किस ताल में गाया जाता है?

| | |
|---|---|
| क) तीनताल | ख) चारताल |
| ग) झापताल | घ) तीव्रा ताल |

3—राग पूर्वी का गायन समय क्या है?

| | |
|---|---|
| क) प्रातःकाल | ख) सायं काल |
| ग) दोपहर | घ) मध्यरात्रि |

4—चंचल तथा द्रुत गति से बजाई जानेवाली कौन सी ताल है?

| | |
|---|---|
| क) एकताल | ख) झपताल |
| ग) कहरवा ताल | घ) त्रिताल |

5—संगीत में किस नाद का प्रयोग होता है?

| | |
|---|---|
| क) आहत नाद | ख) अनाहत नाद |
| ग) सुषिर नाद | घ) स्वयंभू नाद |

6—रंगमंच(स्टेज) पर इनमें से किसे नहीं गाया जाता?

| | |
|---|---|
| क) लक्षणगीत | ख) छोटा ख्याल |
| ग) तराना | घ) भजन |

7—अर्ध्वदर्शक स्वर किसे कहा गया है?

| | |
|---|---|
| क) सा | ख) ग |
| ग) म | घ) प |

8—अमीर खुसरो ने किस गायक को पराजित किया था?

| | |
|---|---|
| क) गोपाल नायक | ख) गोपाल कृष्ण |
| ग) कृष्ण गोपाल | घ) गोपाल यादव |

9—भातखण्डे जी ने कहाँ पर संगीत विद्यालय नहीं खोले?

| | |
|---|---|
| क) लखनऊ | ख) ग्वालियर |
| ग) बड़ौदा | घ) बम्बई |

10–किस वेद का पाठ संगीतमय है?

| | |
|---|---|
| क) ऋग्वेद | ख) यजर्वुेद |
| ग) सामवेद | घ) अथर्ववेद |

**अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है– 5×1=5**

11– संगीत किसे कहते है?

12– थाट किसे कहतें है? इनकी संख्या भी लिखिए।

13–अल्पत्व–बहुत्व से आप क्या समझते है?

14–परमेल प्रवेशक राग किसे कहतें हैं? उदाहरण भी लिखिए।

15–अंश स्वर तथा न्यास स्वर का अर्थ बताइए।

**लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है– 5×2=10**

16–तानपूरे का सचित्र वर्णन करते हुए इसकी मिलान विधि लिखिए।

17–निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

क) ध्रुपद ख) धमार ग) टप्पा घ) तराना

18–ग्वालियर घरानें की विशेषता लिखिए।

19–भारतीय संगीत का मध्यकालीन संक्षिप्त इतिहास लिखिए।

20–भारत की हिन्दुस्तानी और कर्नाटक संगीत पद्धतियों के स्वरों एवं श्रुतियों की तुलना कीजिए।

**निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 5×1=5**

21–जिन स्वर समूहों द्वारा राग उत्पन्न हो सके उसे––––––कहतें हैं।

22–झपताल में –––––––मात्राओं के चार विभाग होते हैं।

23–म प <u>नि</u> <u>ध</u> प, <u>ध</u> म प, <u>ग</u> रे म प स्वर ––––––राग के हैं।

24–राग गौड़ सारंग का वादी स्वर–––––––है।

25–धमार ताल में––––मात्रायें होती है।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** $2\frac{1}{2} + 2\frac{1}{2} = 5$

26–निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

1–संधि प्रकाश राग

2–ख्याल तथा ख्याल के प्रकार

3–तान एवं तान के प्रकार

4–ठुमरी

27–अपने पाठ्यक्रम में से किसी भी एक राग के छोटे ख्याल की स्वरलिपि, दो आलाप सहित लिखिए 5

28–निम्नलिखित तालों में से किसी एक ताल का परिचय देते हुए उसका ठेका, दुगुन व चौगुन की लयकारी भी लिखिए। 5

1–धमार ताल 2–चार ताल 3–एकताल

अथवा

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए

1–मानव जीवन और संगीत

2–संगीत में लय एवं ताल का महत्व

3–शास्त्रीय संगीत का भविष्य

4–संगीत और योग

29–निम्नलिखित में से किसी एक का जीवन परिचय लिखते हुए संगीत क्षेत्र में उनका योगदान बताइए। 5

1–पण्डित जसराज

2–एम0एस0 सुब्बालक्ष्मी

3–पण्डित विष्णु नारायण भातखण्डे

4–गोपाल नायक

अथवा

पण्डित श्री निवास द्वारा 36'' वीणा के तार पर शुद्व स्वरों की स्थापना कीजिए।